राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस नोट **दिनांकः 20-02-2024**

माध्यमिक शिक्षा विभाग हेतु **वरिष्ठ शारीरिक शिक्षा अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा–2022** के पदों हेतु आयोग द्वारा दिनांक 30.04.2023 को आयोजित की गई परीक्षा में **उपस्थित अभ्यर्थियों की पात्रता जाँच एवं खेल प्रमाण पत्रों के सत्यापन का कार्य काउन्सलिंग के माध्यम से दिनांक 12.02.2024 से दिनांक 15.02.2024 तक किया गया।** उक्त पात्रता जाँच में निर्धारित दिनांक को अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा **एक अंतिम अवसर** प्रदान करते हुए **दिनांक 23.02.2024 को प्रातः 09:00** बजे काउन्सलिंग में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया जाता है। अनुपस्थित रहे अभ्यर्थी आयोग द्वारा पूर्व में अपलोड किये गये काउन्सलिंग पत्र/प्रपत्र के साथ उपस्थित होवें। अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों के नवीन काउन्सलिंग पत्र/प्रपत्र अपलोड नहीं किये गये हैं। काउन्सलिंग में उपस्थित होने हेतु अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर SMS के माध्यम से भी सूचित किया जा रहा है।

काउन्सलिंग में अनुपस्थित रहे **(सूची वेबसाइट पर उपलब्ध)** अभ्यर्थियों को अंतिम तौर पर सूचित किया जाता है कि आयोग की वेबसाइट www.rpsc.rajasthan.gov.in से विस्तृत आवेदन पत्र, प्रपत्र तथा आवश्यक दिशा–निर्देश डाउनलोड कर उनका अध्ययन करते हुए विस्तृत आवेदन पत्र की प्रविष्टियां पूर्ण करने के उपरान्त निर्धारित **दिनांक 23.02.2024 को प्रातः 09:00** बजे आवश्यक रूप से उपस्थित होवें। **काउन्सलिंग में पुनः अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा तथा ना ही ऐसे अभ्यर्थियों को जारी किये जाने वाले अंतिम परिणाम में सम्मिलित नहीं किया जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।** उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई यात्रा/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा। शेष शर्तें इस बाबत् पूर्व में जारी प्रेस–विज्ञप्ति दिनांक 01.02.2024 के अनुसार रहेगी।

(रामनिवास मेहता)
सचिव